"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी. 2-22-छत्तीसगढ़ गजट/38 सि. से. भिलाई, दिनांक 30-5-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2012-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 26] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 27 जून 2014—आषाढ़ 6, शक 1936

भाग 3 (1)

विज्ञापन

अन्य सूचनाएं

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, श्रीमती श्रद्धा ढोक धर्मपत्नी श्री गणपत ढोक, उम्र 59 वर्ष, निवासी-भवानी नगर, गली नं. 2, वार्ड नं. 38, सबरस होटल के पास, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव की हूं. यह कि विवाह पूर्व मेरा नाम कु. पुष्पा रड़के पिता स्व. मोरेश्वर राव रड़के था. मेरा विवाह दिनांक 2-7-1978 को श्री गणपत ढोक निवासी बिलासपुर के साथ विधि अनुसार सम्पन्न हुआ. विवाह पश्चात मैं अपने नाम को परिवर्तित कर नया नाम श्रीमती श्रद्धा ढोक रख ली हूं तथा इस आशय के संबंध में सक्षम प्राधिकारी के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत कर दी हूं.

अत: अब मुझे श्रीमती श्रद्धा ढोक पति श्री गणपत ढोक के नाम से जानी, पहचानी, पुकारी व दर्ज किया जावे.

पुराना नाम	नया नाम
कु. पुष्पा रड़के पिता-स्व. मोरेश्वर रड़के बिलासपुर (छ.ग.)	श्रीमती श्रद्धा ढोक (Smt. Shraddha Dhok) पति-श्री गणपत ढोक निवासी-भवानी नगर, गली नं. 2, वार्ड नं. 38, सबरस होटल के पास, राजनांदगांव, तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.)

उपनाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, श्रीमती नीतू नोतानी ठाकुर पति श्री पीयूष ठाकुर, आयु 32 वर्ष, निवासी एफ-19, रॉयल प्लाजा, ओल्ड हाई कोर्ट रोड, लश्कर ग्वालियर (म.प्र.) की हूं. यह कि विवाह पूर्व मेरा नाम कुमारी नीतू नोतानी आत्मजा श्री मोहनदास नोतानी था. मेरा विवाह दिनांक 4-12-2010 को श्री पीयूष ठाकुर आत्मज श्री प्रकाश लाल ठाकुर निवासी ग्वालियर के साथ हिन्दु धर्म के अनुसार हुआ. विवाह पश्चात् मैं अपने नाम को परिवर्तित कर अपना नया नाम श्रीमती नीतू नोतानी ठाकुर रख ली हूं तथा इस आशय के संबंध में सक्षम प्राधिकारी के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत कर दी हूं.

अतः अब मुझे श्रीमती नीतू नोतानी ठाकुर पति श्री पीयूष ठाकुर के नाम से जानी, पहचानी, पुकारी व दर्ज किया जावे.

पुराना नाम	**नया नाम**
कु. नीतू नोतानी पिता-श्री मोहनदास नोतानी निवासी-सुख निवास, सुमित्रा विहार कालोनी, केशव मुर्रा भट्टा, हेमू नगर, पुराना पावर हाउस, तोरवा बिलासपुर (छ.ग.)	श्रीमती नीतू नोतानी ठाकुर पति-श्री पीयूष ठाकुर निवासी-F-19, रॉयल प्लाजा, ओल्ड हाई कोर्ट रोड लश्कर ग्वालियर (म.प्र.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, बलविंदर सिंग आत्मज श्री गुरूनाम सिंग निवासी-मकान नं. 437, न्यू खुर्सीपार मार्केट, वार्ड नं. 36, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं. यह कि पूर्व में मुझे बलविंदर सिंग सग्गू (Balvindar Singh Saggu, Balwinder Saggu, Balbinder Singh Saggu) के नाम से जाना, पहचाना जाता था. मैं अपने नाम को परिवर्तित कर अपना नया नाम बलविंदर सिंग (Balvindr Siingh) रख लिया हूं तथा इस आशय के संबंध में सक्षम प्राधिकारी के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत कर दिया हूं.

अतः अब मुझे बलविंदर सिंग (Balvindr Siingh) आत्मज श्री गुरूनाम सिंग के नाम से जाना, पहचाना, पुकारा व दर्ज किया जावे.

पुराना नाम	**नया नाम**
बलविंदर सिंग सग्गू (Balvindar Singh Saggu, Balwinder Singh Saggu, Balbinder Singh Saggu) आत्मज-श्री गुरूनाम सिंग निवासी-मकान नं. 437, न्यू खुर्सीपार मार्केट, वार्ड नं. 36, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)	बलविंदर सिंग (Balvindr Siingh) आत्मज-श्री गुरूनाम सिंग निवासी-मकान नं. 437, न्यू खुर्सीपार मार्केट, वार्ड नं. 36, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, अरविंदर सिंग (Arrvindar Siingh) पिता श्री बलविंदर सिंग, निवासी मकान नं. 437, न्यू खुर्सीपार मार्केट, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.) का हूं. यह कि पूर्व में मुझे अरविंदर सिंग सग्गू (Arvinder Singh Saggu) के नाम से जाना, पहचाना जाता था. मैं अपने नाम को परिवर्तित कर अपना नया नाम अरविंदर सिंग (Arrvindar Siingh) रख लिया हूं तथा इस आशय के संबंध में सक्षम प्राधिकारी के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत कर दिया हूं.

अतः अब मुझे अरविंदर सिंग (Arrvindar Siingh) पिता श्री बलविंदर सिंग के नाम से जाना, पहचाना, पुकारा व दर्ज किया जावे.

पुराना नाम	**नया नाम**
अरविंदर सिंग सग्गू (Arvinder Singh Saggu) पिता-श्री बलविंदर सिंग निवासी-मकान नं. 437, न्यू खुर्सीपार मार्केट, वार्ड नं. 36, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)	अरविंदर सिंग (Arrvindar Siingh) पिता-श्री बलविंदर सिंग निवासी-मकान नं. 437, न्यू खुर्सीपार मार्केट, वार्ड नं. 36, भिलाई, तहसील व जिला दुर्ग (छ.ग.)

उपनाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, संजीव कुमार टामक, द्वितीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगदलपुर, बस्तर, निवासी-अनन्त विहार, मिर्जापुर फार्म, पो. आ. गुरूकुल, कुरूक्षेत्र हरयाणा 136119 का हूं. यह कि पूर्व में मुझे संजीव कुमार के नाम से जाना, पहचाना जाता था. मैं अपने नाम के साथ उपनाम टामक जोड़कर अपना नया नाम संजीव कुमार टामक रख लिया हूं तथा इस आशय के संबंध में सक्षम प्राधिकारी के समक्ष शपथ पत्र प्रस्तुत कर दिया हूं.

अत: अब मुझे संजीव कुमार टामक के नाम से जाना, पहचाना, पुकारा व दर्ज किया जावे.

पुराना नाम	**नया नाम**
संजीव कुमार द्वितीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगदलपुर, बस्तर (छ.ग.) निवासी-अनन्त विहार, मिर्जापुर फार्म, पो.आ. गुरूकुल, कुरूक्षेत्र हरयाणा 136119	संजीव कुमार टामक द्वितीय अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश जगदलपुर, बस्तर (छ.ग.) निवासी-अनन्त विहार, मिर्जापुर फार्म, पो.आ. गुरूकुल, कुरूक्षेत्र हरयाणा 136119

विविध

न्यायालयों की सूचनाएं

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं पंजीयक सार्वजनिक न्यास रायपुर (छ.ग.)

रायपुर, दिनांक 31 मई 2014

प्र.क्र./ /ब-113 (1)/वर्ष 2013-14

क्रमांक/223/अ.वि.अ./ट्रस्ट/2014.—आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री गोपाल अग्रवाल आत्मज श्री रामजीलाल अग्रवाल निवासी श्री पुरन दाल मिल, रामसागरपारा, रायपुर जिला रायपुर ने "छात्र कल्याण न्यास" विद्यार्थी सदन, देवेन्द्र नगर सेक्टर-3 रायपुर तहसील व जिला रायपुर का छ.ग. लोक न्यास अधिनियम 1951 की धारा-4 (1) के अनुसार निम्नलिखित अनुसूची में दर्शायी गई संपत्ति को पब्लिक ट्रस्ट के रूप में पंजीयन कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है.

यदि किसी भी व्यक्ति को उक्त ट्रस्ट अथवा संपत्ति में अभिरूचि हो और ट्रस्ट के संबंध में कोई आक्षेप करने की इच्छा हो या सुझाव देना हो तो वे इस सूचना निकलने की एक माह की अवधि में इस न्यायालय में अपने लिखित वक्तव्य की दो प्रतियां प्रस्तुत करें और पेशी के दिन कार्यालय समय में स्वत: या अपने अधिवक्ता अथवा एजेंट के माध्यम से दिनांक 30-06-2014 को उपस्थित होवें. निर्धारित तिथि के पश्चात् प्रस्तुत किये गये आक्षेपों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा.

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से आज दिनांक 31-05-2014 को जारी.

अनुसूची

(पब्लिक ट्रस्ट का नाम, पता व संपत्ति का विवरण)

(1)	पब्लिक ट्रस्ट का नाम व पता	:	"छात्र कल्याण न्यास" विद्यार्थी सदन, देवेन्द्र नगर सेक्टर-3 रायपुर तहसील व जिला रायपुर.
(2)	चल संपत्ति	:	5000/- रु. नगद
(3)	अचल संपत्ति	:	निरंक

एस. के. अग्रवाल
अनुविभागीय अधिकारी एवं
पंजीयक.

अन्य सूचनाएं

कार्यालय उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं, दुर्ग (छ.ग.)

दुर्ग, दिनांक 28 मार्च 2014

क्रमांक/उपंदु/परि./2014/522.—कार्यालयीन आदेश क्रमांक/5048 दिनांक 25-10-78 के द्वारा मत्स्योधीन सहकारी समिति मर्या. पतोरा पंजीयन क्रमांक 2084 के परिसमापक सहकारिता विस्तार अधिकारी पाटन को नियुक्त किया गया था. सहकारिता विस्तार अधिकारी पाटन का स्थानांतरण हो जाने के कारण उनके स्थान पर श्री अभय कापरे, उप-अंकेक्षक दुर्ग को नियुक्त किया जाता है.

यह आदेश आज दिनांक 28-3-14 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुद्रा से जारी किया गया है.

दुर्ग, दिनांक 29 मार्च 2014

क्रमांक/उपंदु/परि./2014/523.—कार्यालयीन आदेश क्रमांक/2099 दिनांक 31-10-2000 के द्वारा मत्स्योधीन सहकारी समिति मर्या. पहंडोर पंजीयन क्रमांक 2199 के परिसमापक सहकारिता विस्तार अधिकारी पाटन को नियुक्त किया गया था. सहकारिता विस्तार अधिकारी पाटन का स्थानांतरण हो जाने के कारण उनके स्थान पर श्री अनिश दीवान, उप-अंकेक्षक दुर्ग को नियुक्त किया जाता है.

यह आदेश आज दिनांक 29-3-14 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुद्रा से जारी किया गया है.

दुर्ग, दिनांक 30 मार्च 2014

क्रमांक/उपंदु/परिसमापन/2014/529.—कार्यालयीन आदेश क्रमांक/840 दिनांक 08-05-96 के द्वारा भारतीय नागरिक औद्योगिक ईंट खपरा सहकारी समिति मर्या. सुपकोना पंजीयन क्रमांक 2212 के परिसमापक सहकारिता विस्तार अधिकारी पाटन का स्थानांतरण हो जाने के कारण उनके स्थान पर श्री अभय कापरे, उप-अंकेक्षक को परिसमापक नियुक्त किया जाता है.

यह आदेश आज दिनांक 28-3-14 को मेरे हस्ताक्षर एवं कार्यालयीन मुद्रा से जारी किया गया है.

डी. एल. राम,
सहायक पंजीयक.

संचालक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री, छत्तीसगढ़ द्वारा शासकीय क्षेत्रीय मुद्रणालय, राजनांदगांव से मुद्रित तथा प्रकाशित—2014.